कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दिनांक : 26/07/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज की बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर में शत-प्रतिशत परिणाम

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग के बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के परिणामों ने एक बार फिर उत्कृष्टता का परचम लहराया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्राओं और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह परिणाम महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पण का प्रतीक है।

विभागाध्यक्ष श्री के. एल. राठी ने बताया कि इस सेमेस्टर में कुल 17 छात्राओं ने परीक्षा दी, जिसमें सभी ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। विशेष रूप से, 6 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि अन्य 6 छात्राओं ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

इस शानदार उपलब्धि का श्रेय विभाग के समर्पित शिक्षकों श्री वैभव सोनी और श्री दीपक ठाकुर की कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन को जाता है। महाविद्यालय परिवार इस उपलब्धि पर गर्व करता है और भविष्य में भी ऐसी ही सफलता की कामना करता है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
|  |  |  |  |  |  |
| कु. चेतना | कु. ईशिता | कु. अंजली | कु. सृष्टि | कु. गीतिका | कु. सिमरन |
| 84.66% | 83.5% | 82.83% | 81.5% | 81.16% | 80.66% |
|  |  |  |  |  |  |
| कु. पिंकी | कु. साक्षी | कु. हर्षा | कु. जसप्रीत | कु. प्रिया | कु. अमनदीप |
| 79.83% | 79.83% | 79.33% | 78.16% | 77.5% | 75.16% |

**डॉ. रंजना श्रीवास्तव**
**प्राचार्य**
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)